हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 28 .2 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

12 लोकतंत्र की रक्षा के लिए रामलीला मैदान में गूंजेगी



12 जोनल यूथ फेस्टिवल में छाए डीएवी कॉलेज के



खबर संक्षेप

ज्वैलर्स की दुकान से पैसों से भरा बैग चोरी

यमुनानगर। जगाधरी के रेलवे बाजार में ज्वैलर्स की दुकान से एक व्यक्ति ने दुकानदार को चकमा देकर पैसों से भरा बैग चोरी कर लिया। बैग में एक लाख रुपये और दुकान के लेन देने के हिसाब लिखी बही खाते का दस्तावेज भी था। जानकारी के मुताबिक जगाधरी के रेलवे बाजार निवासी दीपक वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बाजार में ज्वैलर्स की दुकान बना रखी है। कुछ दिन पहले उसने आंखों का उपचार करवाया था। आरोप है कि इस दौरान आरोपी उसे चकमा देकर वहां रखे पैसों से भरे बैग को लेकर चंपत हो गया। बैग में एक लाख रुपये नकद और कुछ बही खाते थे।

क्रेन की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौत

यमुनानगर। जगाधरी में उप्पल माल के नजदीक क्रेन की टक्कर लगने से साइकिल चालक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक दशमेश कालोनी निवासी जसवंत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता नंदलाल(69) शाम के वक्त साइकिल पर घर से निकले थे। इस दौरान जैसे ही वह जगाधरी में उप्पल माल के नजदीक पहुंचे तो पीले रंग की क्रेन उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नंदलाल की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी क्रेन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी क्रेन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

25,680 रुपये सहित एक सट्टेबाज गिरफ्तार

करनाल। जिला पुलिस ने अवैध जुआ एवं सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25,680 रुपये की नकदी बरामद की है।अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक बलवान सिंह के अनुसार पुलिस टीम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कैप्टन पुत्र अशोक कुमार निवासी गली नंबर-3, राजीव पुरम, करनाल को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करते हुए पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 25,680 रुपये बरामद हुए। थाना शहर करनाल में मुकदमा नंबर 768, दिनांक 29 अक्टूबर 2026 को जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

दो युवक वृद्ध महिला की बाली छीनकर फरार

करनाल। सर्विस रोड पर पुराने स्टैंड के समीप मोटरसाइकिल सवार दो युवक एक वृद्ध महिला के कान की बाली छीन कर फरार हो गए मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे गांव कल्हेड़ी निवासी वृद्ध महिला सुनहरी घरौंडा में दवाई लेने के लिए आई हुई थी। जब वह पुराने बस स्टैंड के समीप सर्विस रोड पर पहुंची तो मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उसके पास बाइक रोकी। युवकों ने महिला से किसी स्थान का पता पूछना शुरू कर दिया। महिला उन्हें रास्ता बताने लगी, इसी दौरान एक युवक ने अचानक उसके कान पर झपट्टा मारकर सोने की बाली छीन ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तेजी से फरार हो गए।

बिजली करंट की चपेट में आए तीन युवक

पानीपत। पानीपत में गांव बिंझौल के मोड़ पर सडक पर खडे पानी के कारण गुरुवार शाम करीब सात जलेबी की रेहड़ी के पास बिजली के पोल में करंट उतर आया और इसकी चपेट में तीन लोग आ गए। राहगिरों ने जैसे तैसे तीनों की जान बचाई। इधर, पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

5 को गृहमंत्री शाह करेंगे शहीदी स्मारक का उद्घाटन

- उद्घाटन के बाद छह नवंबर से खोला जाएगा स्मारक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मंत्री अनिल विज।

श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि 1857 में देश की पहली आजादी की लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक के उद्घाटन के लिए आगामी 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अंबाला छावनी में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले वह स्मारक का उद्घाटन करेंगे और इसके उपरांत गांधी मैदान में आयोजित बड़ी रैली में शामिल होंगे। विज अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रैली की तैयारी को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी के लिए यह गर्व की बात है कि सन-1857 की आजादी की लड़ाई को समर्पित बड़ा शहीदी स्मारक यहां बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि 22 एकड़ क्षेत्र में 800 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित शहीदी स्मारक देश में आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा शहीदी स्मारक बनने से यहां दूर-दराज से लोग इसे देखने आएंगे जिससे अंबाला छावनी पर्यटन का केंद्र बन जाएगा। शहीदी स्मारक के साथ साइंस म्यूजियम, बैंक स्क्वेयर, सुभाष पार्क व अन्य स्थल पर्यटन का केंद्र होंगे। उन्होंने बताया कि पांच नवंबर को उद्घाटन के बाद छह नवंबर से इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा। शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को सरकारी खर्च पर स्मारक दिखाया जाएगा। विज ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 5 नवंबर को गांधी मैदान में आयोजित होने वाली रैली में अधिक से अधिक संख्या कार्यकर्ता व जनता वहां पहुंच ऐतिहासिक पल की साक्षी बने। उन्होंने रैली स्थल पर विभिन्न प्रबंधों को लेकर भी कार्यकर्ताओं से चर्चा की। बैठक के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, भाजपा नेता संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, मदनलाल शर्मा, जसबीर सिंह जस्सी, राजीव गुप्ता डिंपल, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, विपिन्न खन्ना, रवि बुद्धिराजा, विकास बहगल, प्रवेश शर्मा, हर्ष बिंद्रा, अजय बवेजा, आशीष अग्रवाल, श्याम सुंदर अरोड़ा आदि रहे।

राष्ट्रपति दौरे को लेकर आईजी नैन ने सुरक्षा इंतजामों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 1 नवंबर को कुरुक्षेत्र दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वीवीआईपी सुरक्षा के लिए जिला पुलिस के साथ-साथ विभिन्न जिलों से आए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। महिला पुलिसकर्मियों सहित पुलिस के जवानों को अलग-अलग स्थानों पर सुरक्षा ड्यूटी सौंपी गई है। सुरक्षा व्यवस्था दिन और रात की शिफ्टों में संभाली जाएगी। शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक अंबाला मंडल पंकज नैन ने कुरुक्षेत्र पहुंचकर राष्ट्रपति के दौरे को लेकर की गई सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान गुरुकुल कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और श्री भद्रकाली मंदिर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ड्रोन और ग्लाइडर उड़ाने पर प्रतिबंध

राष्ट्रपति के कुरुक्षेत्र दौरे के दौरान सुरक्षा कारणों से शहर में किसी भी प्रकार के ड्रोन और ग्लाइडर उड़ाने पर पाबंदी रहेगी। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने बताया कि किसी भी कंपनी या व्यक्ति को ड्रोन अथवा ग्लाइडर उड़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।

दिवाली गिफ्ट: किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी

किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही भाजपा सरकार : कंवरपाल

केंद्रीय मंत्री गुर्जर बोले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किसान हित सर्वोपरि, हरियाणा के 15.99 लाख किसानों को मिली 320 करोड़ रुपये की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किसान हित सर्वोपरि हैं। केंद्र सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना इसका उदाहरण है। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के खातों में 18,680 करोड़ रुपये की 24वीं किस्त जारी की। चौधरी कृष्णपाल गुर्जर आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हरियाणा में योजना के तहत अब तक 8,139.80 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। शुक्रवार को प्रदेश के 15 लाख 99 हजार 996 लाभार्थियों के खातों में 320 करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए। योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये तीन किस्तों में दिए जाते हैं।

डीबीटी से बढ़ी पारदर्शिता, 4 लाख करोड़ की बचत

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनधन खातों और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण व्यवस्था के माध्यम से सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत की है। इससे बिचौलियों और अनियमितताओं पर रोक लगी है तथा लीकेज खत्म होने से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले किसानों के लिए केंद्रीय बजट लगभग 23 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर एक लाख 35 हजार करोड़ रुपये हो गया है।

सहकारिता से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

गुर्जर ने कहा कि कृषि के विकास में सहकारी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को ऋण, कृषि सामग्री, दूध संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकती हैं। उन्होंने एनसीईएल, एनसीओएल और बीबीएसएसएल जैसी राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं का उल्लेख करते हुए किसानों से इनसे जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डेयरी व्यवसाय अपनाकर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

डीएपी पर 40 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी

एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डीएपी खाद की अंतरराष्ट्रीय कीमत अधिक होने के बावजूद किसानों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने दिया गया है। केंद्र सरकार लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है। उन्होंने बताया कि 50 किलोग्राम डीएपी बैग की कीमत 1,359 रुपये बनाए रखने के लिए सरकार सहायता दे रही है। इस अवसर पर एनडीआरआई के निदेशक डॉ. धीर सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ. राजन शर्मा और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेस और विपक्ष देश की तरक्की से परेशान

कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी, लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाल रही है। 5 नवंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करनाल में इस पदयात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा पदयात्रा के जरिए लोगों के बीच जाकर विपक्षी दलों की राजनीति के बारे में बताएगी। उनके अनुसार कांग्रेस समेत विपक्षी दल और भारत के बाहर की विदेशी ताकतें देश की तरक्की से परेशान हैं और इसमें बाधा डालना चाहती हैं।

नशे ने युवाओं का भविष्य किया खराब

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि नशे ने पंजाब के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। युवाओं को नशे से बचाकर सही रास्ते पर लाने का एकमात्र विकल्प भाजपा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अगले तीन साल में पंजाब को नशामुक्त करने की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जो कहते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं। भाजपा पंजाब में नशे की समस्या खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पंजाब के लोगों ने पिछले पांच साल में जिस दुर्दशा का सामना किया है, उसे उनसे बेहतर कोई नहीं जानता।

ट्रक की चपेट में आने से किशोर की मौत, केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- चार बहनों का इकलौता भाई था गांव रुआं का 17 वर्षीय सन्नी
- पिहोवा में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का काम करता था मृतक सन्नी
- इलाज के लिए चंडीगढ़ जाते समय हालत बिगड़ने के कारण अंबाला अस्पताल में तोड़ा दम



हादसे में मृतक के पेट के ऊपर से गुजरा ट्रक का टायर

पिहोवा सदर थाना पुलिस के अंतर्गत गांव असमानपुर के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव रुआं निवासी 17 वर्षीय सन्नी के रूप में हुई है। सन्नी अपने चचेरे भाई के साथ मोटरसाइकिल पर काम के लिए जा रहा था। ट्रक का टायर उसके पेट के ऊपर से गुजर गया। आरोपी ड्राइवर मौके पर ट्रक छोड़कर भाग गया। सन्नी पिहोवा में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का काम सीख रहा था। वह बहनों का इकलौता भाई था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। गुरदीप सिंह निवासी रुआं ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। सुबह करीब नौ बजे उसका चचेरा भाई सन्नी अपनी मोटरसाइकिल पर पिहोवा आने के लिए निकला था। सन्नी को अपने मोटरसाइकिल रिपेयरिंग के काम पर जाना था, उसे भी पिहोवा में कुछ काम था। गुरदीप ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब वह कैथल-पिहोवा रोड पर गांव असमानपुर में पंजाब नेशनल बैंक शाखा के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार ट्रक ने सन्नी की मोटरसाइकिल को ओवरटेक किया। अचानक ड्राइवर ने ट्रक के ब्रेक लगा दिए। इससे सन्नी की मोटरसाइकिल ट्रक से टकराकर उसके नीचे घुस गई। टक्कर के बाद ट्रक का टायर सन्नी के ऊपर चढ़ गया। उसने ट्रक का नंबर नोट कर लिया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर नीचे उतरा, लेकिन मौके पर भीड़ जमा होती देख ट्रक छोड़कर भाग गया। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से सन्नी को पिहोवा के प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। परिजन उसे चंडीगढ़ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी तबीयत और बिगड़ गई। वे उसे अंबाला के सादोपुर के अस्पताल ले गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

असंध में अवैध पटाखों की 500 डिब्बी बरामद

करनाल। दीपावली के मद्देनजर अवैध रूप से आतिशबाजी का भंडारण करने वालों के खिलाफ करनाल पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। थाना असंध पुलिस ने बिना लाइसेंस भारी मात्रा में बम-पटाखे रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लगभग 500 डिब्बी विभिन्न प्रकार के बम-पटाखे बरामद किए हैं । पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के निर्देशानुसार थाना असंध प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में मुख्य सिपाही सुरेंद्र की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस ने शुभम पुत्र मुकेश निवासी वार्ड नंबर-15 के कब्जे से सात गत्ता पेटियों और एक कट्टे में रखे विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए। जांच में आरोपी के पास



आतिशबाजी रखने का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। इसके बाद थाना असंध में विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस ने लोगों से बिना वैध लाइसेंस आतिशबाजी का भंडारण नहीं करने की अपील की है।

सड़क हादसे में मेरठ के 22 वर्षीय युवक की मौत

करनाल। कर्ण लेक के पास हुए सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रतापगढ़ निवासी अनुराग राव के रूप में हुई है। वह चंडीगढ़ में शादी समारोहों में सजावट का काम करता था। अनुराग अपने तीन साथियों के साथ दो बाइकों पर सवार होकर मेरठ में काम के सिलसिले में जा रहा था। कर्ण लेक के पास अचानक बाइक के सामने पत्थर आने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

आवारा कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर नोचा लड़की ने छतरी से वार कर भगाया

अंबाला। रिहायशी भवन के बाहर एक आवारा कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चा खेलता हुआ गली में जा रहा था तभी कुत्ते ने उसे शिकार बना लिया। हमले से बचने के लिए बच्चा भागते समय गिर गया। इसके बाद कुत्ते ने उसे नोच लिया। उसके चेहरे व हाथ पर काट लिया। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक लड़की ने छतरी से मारकर कुत्ते को दूर हटाने की कोशिश की, लेकिन कुत्ता उन दोनों बच्चों पर हमलावर हो गया। यह देख दूसरी गली से एक महिला भागती हुई आई और बच्चे को गोद में उठाकर बचाया। उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुला लिया, जिसके बाद किसी तरह कुत्ते को वहां से भगाया गया। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। लोगों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है और वे आए दिन किसी न किसी को काट रहे हैं। यह घटना अंबाला शहर के सेक्टर-9 की है। वायरल हो रहे वीडियो में हमले के दौरान मासूम बच्चे की लाचारी साफ झलक रही है। कुत्ते के झपटने पर बच्चे ने खुद को बचाने के लिए भागने का प्रयास किया लेकिन संतुलन बिगड़ने से वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद कुत्ता उस पर हावी हो गया। बच्च खुद को बचाने में पूरी तरह असमर्थ नजर आया। बच्चे की चीख-पुकार सुनते ही आसपास के लोग उसे बचाने के लिए तुरंत मौके की ओर दौड़े। एक तरफ से महिला तेजी से बच्चे की ओर भागी। दूसरी तरफ से एक लड़की हाथ में छाता लेकर पहुंची। दोनों ने बिना डरे कुत्ते को छतरी से मारकर दूर भगाने का

कर्मचारी को पिस्तौल दिखाकर लूटी बाइक

तरावड़ी। क्षेत्र में दिनदहाड़े पिस्टल की नोक पर एक कंपनी कर्मचारी से बाइक लूटने का मामला सामने आया है। कर्मचारी कंपनी से खाना खाने के लिए तरावड़ी जा रहा था। रास्ते में दो युवकों ने उसे रोक लिया। एक युवक ने छाती पर और दूसरे ने कनपटी पर पिस्टल तान दी। इसके बाद दोनों आरोपी उसकी बाइक लूटकर फरार हो गए। आरोपियों ने जाते समय कर्मचारी को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत मिलने पर तरावड़ी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वह तरावड़ी के वार्ड नंबर-2 निवासी सेवा मास्टर के मकान में किराए पर रहता है। 29 अक्टूबर को कंपनी में लंच होने के बाद वह दोपहर करीब 1 बजे अपनी बाइक पर खाना खाने के लिए तरावड़ी जा रहा था। विजय पाल के अनुसार कंपनी से करीब 2 किलोमीटर आगे तरावड़ी की तरफ जाने पर एचपी पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पहले सडक पर खड़े एक युवक ने हाथ देकर उसे रुकने का इशारा किया। उसने बाइक रोक दी तो युवक ने अपनी दाहिनी जेब से पिस्टल निकालकर उसकी छाती पर तान दी और गाली देने लगा। इसी दौरान दूसरा युवक उसकी तरफ दौडक़र आया और उसने भी पिस्टल निकालकर उसकी कनपटी पर लगा दी। इसके बाद दोनों युवक उसकी बाइक छीनकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने दोनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और बाइक बरामद करने की मांग की है। मामले की जांच एएसआई हरविश कुमार को सौंपी गई है। शिकायत के आधार पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जिला कष्ट निवारण समिति में रखे निर्धारित 15 परिवाद

8 का मौके पर समाधान, 7 पर आगामी बैठक में फैसला

रामकुमार की शिकायत पर उधमगढ़ में कब्जे की जमीन खाली करवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। बैठक में परिवादो की सुनवाई करते हुए उपयुक्त प्रीति।

जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की अध्यक्षता करते उपायुक्त प्रीति ने कड़े निर्णय लिए है और अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में पहले से निर्धारित 15 परिवाद रखे गए, जिनमें से उपायुक्त प्रीति ने 8 परिवादों का मौके पर ही समाधान कर दिया तथा शेष 7 परिवादों को आगामी बैठक तक हल करने के निर्देश दिए। उपायुक्त के सम्मुख परिवाद नम्बर-1 में राम कुमार निवासी उधमगढ़ ने गांव में गन्दे पानी की निकासी बारे शिकायत दी थी, जिस पर उपायुक्त ने लोगों द्वारा नाजायज कब्जे वाली भूमि को तुरंत खाली करवाने के आदेश दिए ताकि गंदे पानी की निकासी हो सके इसलिए परिवाद को फाइल कर दिया गया। इसी प्रकार परिवाद नम्बर-2 में सुमित गर्ग निवासी मकान नम्बर 1303 जिला यमुनानगर ने रादौर रोड़ पर स्थित खसरा नम्बर-9 की निशानदेही बारे शिकायत दी थी, जिसे आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया। परिवाद नम्बर-3 में अलछ कुमार व समस्त हरबंस पुरा कॉलोनी वासियों ने नजदीक गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा के सामने भूगृह के कारण बीस फुट चौड़ी गली पर अवैध कब्जा हटाए जाने व गली को प्रयोग में लाये जाने बारे शिकायत दी थी जिस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौका मुआयना करने के आदेश दिए ताकि समस्या का समाधान किया जा सकें और इस परिवाद को आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया। परिवाद नम्बर-4 में गंभीर सिंह निवासी हरि फार्म नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज ने सडक़ की पुलिया, शहर के पानी व सीवरेज के पानी द्वारा खेती की फसल के नुकसान बारे व खेत के पास कच्चा नाला छोडने बारे शिकायत दी जिस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मामले में तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। परिवाद नंबर-5 को भी आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया। परिवाद नम्बर-6 में सुनील कुमार निवासी भोजपुर-परवालों ने गाँव भोजपुर /परवालों के खिलाफ फैक्ट्री एक्ट के नियमों की उल्लंघना करने बारे शिकायत दी थी, जिस पर शिकायतकर्ता की शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया।

ट्विन सिटी में त्योहार की खुशियों पर जाम का ग्रहण



यमुनानगर। रेलवे मार्ग पर जाम में फंसे वाहन। फोटो : हरिभूमि

बाजारों में दुकानों के बाहर सड़क पर आड़े-तिरछे वाहन खड़े करना बन रहा जाम का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

त्योहारो का सीजन शुरु होते ही बाजारों में दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने से ट्विन सिटी में जाम लगने लगा है। लोग त्योहार की खरीदारी के लिए घरों से निकल रहे हैं, लेकिन बाजार तक पहुंचने और खरीदारी करने में उन्हें पसीना आ रहा है। शहर में जाम की वजह से उन्हें भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। खासकर शहर के रेलवे मार्ग, पुराने रादौर रोड़, मेन बाजार व जगाधरी के बर्तन बाजार समेत छोटी लाइन पर आए दिन जाम लगने से लोग परेशान हो रहे हैं। जाम का कारण दुकानों के सामने दुकानदारों द्वारा सामान रखने व ग्राहकों द्वारा आड़े तिरछे वाहन खड़े करना बन रहा है। लोगों ने प्रशासन से त्योहारो के सीजन में बाजारों में यातायात सुचारू करवाए जाने की मांग की है। शुक्रवार को शहर के रादौर मार्ग पर दुकानों के सामने आड़े तिरछे वाहन खड़े होने से काफी देर तक लोग जाम में फंस गए। लोगों को बड़ी मशक्कत के बाद जाम से निकलने में कामयाबी मिली। क्षेत्र के सोमबीर सिंह, रविश, पृथ्वी, सुनील, मनोज व रोहित आदि ने बताया कि शहर के पुराने रादौर मार्ग समेत रेलवे मार्ग व अन्य बाजारों में आए दिन जाम लगने लगा है।

व्यवस्था सुधारने की अपील

त्योहारो के सीजन में तो रादौर मार्ग स्थित बाजार में ग्राहकों की आवाजाही इतनी बढ़ गई है कि दुकानों के सामने आड़े तिरछे वाहन खड़े होने से जाम लग जाता है। वहीं, लोग एक दूसरे से पहले पहुंचने की होड में जाम लगने का कारण बन रहे हैं। शहर की छोटी लाइन स्थित बाजार में त्योहारो के सीजन में ग्राहकी बढ़ने से जाम लगने लगा है। इसी तरह जगाधरी के बर्तन बाजार समेत मेन बाजार में भी आए दिन लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। शहरवासियों ने त्योहारो के सीजन में प्रशासन से ट्विन सिटी के बाजारों में यातायात की सुचारु रुप से व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

न्यूज डायरी



कार्तिक महात्म की कथा सुनने से नष्ट होते हैं पाप

यमुनानगर। श्री हनुमान मंदिर रामपुरा में कार्तिक महात्म कथा का शुभारंभ किया गया। कथा कार्तिक माह में हर रोज आयोजित की जाएगी कथा का समापन 24 नवंबर को होगा। कथाव्यास शारदा मिश्रा ने कथा के पहले दिन कार्तिक माह कथा के महात्म के महत्व को बताया। मौके पर भजन संकीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कथा मंदिर के प्रांगण में हर रोज सुबह ब्रहम मुहूर्त आयोजित की जाएगी। कथाव्यास शारदा मिश्रा ने फरमाया कि बारह महीनों में कार्तिक मास को सबसे श्रेष्ठ और पुण्यदायी माना गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि कार्तिक मास में किया गया स्नान, दान, तुलसी पूजन, दीपदान और भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की आराधना का फल हजार गुना अधिक मिलता है। उन्होंने कहा कि कार्तिक महात्म की कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन में सुख शांति आती है। जो व्यक्ति श्रद्धा भाव से इस कथा को सुनता है और दूसरों को सुनाता है। उसके घर में कभी धन धान्य की कमी नहीं होती। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि इस पवित्र महीने में सभी को ब्रहम मुहूर्त में उठकर स्नान कर दीपदान अवश्य करना चाहिए। मौके पर उन्होंने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया।

एसआईआर: दावे और आपत्तियों के निपटान की समय सीमा 20 तक बढ़ी

यमुनानगर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत नोटिस फेस, दावे तथा आपत्तियों के निपटान की अवधि बढ़ाकर अब 20 नवंबर किया गया है। अब मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाएगा। उक्त जानकारी



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने दी। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार दावे एवं आपत्तियों से संबंधित नोटिस जारी करने तथा उनके निपटान की अवधि 31 जुलाई से बढ़ाकर 20 नवंबर तक निर्धारित की गई है। वहीं, मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 30 नवंबर को होगा। उन्होंने आमजन से मतदाता सूची में अपना नाम और अन्य विवरण जांच लेने की अपील की। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या आपत्ति है तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत समय रहते संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत करें। ताकि मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाया जा सके।

भाकियू चढ़ूनी के जिला प्रधान के नेतृत्व में किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन

गन्ने के दामों में 15 रुपये की वृद्धि विरोध में फूंका कृषि मंत्री का पुतला

गन्ना मूल्य में मामूली बढ़ोतरी को भाकियू ने बताया किसानों के साथ भद्दा मजाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। गन्ने के मूल्य में कम वृद्धि के खिलाफ कृषि मंत्री का पुतला फूंकते किसान। फोटो : हरिभूमि

सरकार द्वारा गन्ने के दामों में मात्र 15 रुपये प्रति क्विंटल वृद्धि किए जाने के रोष स्वरूप शुक्रवार को रादौर क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसान भड़क उठे। गुस्साए किसानों ने भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के बैनर तले सर छोटूराम चौक, मंडी चौक पर जिला प्रधान संजू गुंदयाना के नेतृत्व में सरकार विरोधी प्रदर्शन कर नारेबाजी की। किसानों ने मामले को लेकर रादौर में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के निवास के पास मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री मनोहरलाल व कृषि मंत्री का पुतला जलाकर रोष प्रकट किया। इस दौरान थाना रादौर प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेश राणा पुलिसबल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

भाकियू के जिला प्रधान संजू गुंदयाना ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गन्ने के दामों में नाममात्र वृद्धि कर किसानों के साथ एक भद्दा मजाक किया है। किसान लंबे समय से गन्ने का रेट बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। गत तीन सितंबर को रादौर में किसानों ने एक महापंचायत की थी। जिसमें प्रदेश के कृषि मंत्री को मांग पत्र सौंपकर अबकी बार गन्ने का रेट कम से कम 600 रूपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग की गई थी। किसानों ने कहा कि आज चीनी के रेट 70 रूपये के करीब पहुंच चुके हैं और जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, प्रदेश में गन्ने का रेट बहुत कम बढ़ा है। गन्ने का रेट न बढ़ने के कारण आज किसानों ने गन्ने की खेती करनी छोड़ दी है, जिस कारण आज चीनी का संकट देश में पैदा हो गया है। दूसरी तरफ सरकार अपने आप को किसान हितैषी होने का दावा कर रही है। मुख्यमंत्री कहते है कि मैं भी किसान का बेटा हूं। मैने भी किसानों के आंदोलन में काम किया है। लेकिन आज जब कलम अपने हाथ में आई तो किसानों के साथ मजाक किया जा रहा है। किसान किसी भी कीमत पर इस रेट को स्वीकार नहीं करेंगे और आने वाले समय में बैठक कर कडे निर्णय सरकार के खिलाफ लिए जाएंगे।

ये रहे मौजूद

मौके पर युवा अध्यक्ष संदीप टोपरा, मनदीप रोड छप्पर, विक्रांत, गुरवीर सिंह, जोगिंद्र सिंह, कृष्णपाल, बलविंदर, पप्पल गुंदियाना, सुरेश पाल भागू माजरा, गुलजार सिंह नंबरदार, दिलावर सिंह, करनैल सिंह, शुभम, विकास, निर्मल कलेसरा व मोनू धानूपूरा आदि मौजूद थे।

अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें ओटीपी

यमुनानगर। जिला पुलिस के थाना साइबर अपराध पुलिस ने भंबौली स्थित पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में साइबर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में साइबर क्राइम थाना के एएसआई बलदेव सिंह ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एएसआई बलदेव सिंह ने पावरग्रिड के कर्मचारियों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर ठग अक्सर फोन कॉल, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया, ईमेल और मैसेज के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। कई बार ठग बैंक अधिकारी, सरकारी कर्मचारी या अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों का प्रतिनिधि बनकर लोगों से संपर्क करते हैं और उनकी निजी या बैंकिंग जानकारी हासिल करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने लोगों को ऐसे अज्ञात कॉल और संदेशों से सावधान रहने की सलाह दी। एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक खाते से संबंधित जानकारी और पासवर्ड साझा नहीं करना चाहिए। किसी अनजान लिंक पर क्लिक करने या संदिग्ध मोबाइल एप डाउनलोड करने से भी बचना चाहिए। ऑनलाइन लेनदेन करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए और किसी भी प्रकार के लालचए इनाम या आकर्षक ऑफर के झांसे में नहीं आना चाहिए। मौके पर थाना साइबर क्राइम प्रभारी रविंदर कुमार ने कहा कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के साथ साथ आमजन की जागरूकता और सतर्कता भी आवश्यक है।





यमुनानगर। डोर टू डोर कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते एक्सपर्ट आकाश कुमार। फोटो : हरिभूमि

निगम ने कचरा संग्रहण कर्मियों को दिया स्वच्छता और सुरक्षा का प्रशिक्षण

- हर घर से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण और पृथक्करण सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम द्वारा शुक्रवार को वर्कशॉप रोड स्थित हीरा पेट्रोल पंप पर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर्मचारियों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेयर सुमन बहमनी और निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर स्वच्छ भारत मिशन टीम ने कर्मचारियों को स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई और सुरक्षित कार्य पद्धतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

टीम के एक्सपर्ट आकाश कुमार और गगन बेनीवाल ने कर्मचारियों को पीपीई किट (व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण) के उचित एवं अनिवार्य उपयोग, कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने और कचरे के स्त्रोत पर पृथक्करण के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के प्रत्येक घर से 100 प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही नागरिकों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग देने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण की व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू हो सके।

पीपीई किट का करें उपयोग

एक्सपर्ट आकाश कुमार ने बताया कि कचरा संग्रहण के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना और सुरक्षा उपकरणों का नियमित इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। पीपीई किट का उपयोग करने से कर्मचारी कार्य के दौरान होने वाले संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कचरा संग्रहण व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना, कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाना है।



विद्यार्थियों को बाल संरक्षण कानूनों के प्रति किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलाही, कुरुक्षेत्र में सुरक्षित बचपन अभियान पैन इंडिया स्कूल जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधान एवं प्रभाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम में स्वयं भाग लिया तथा विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र ने विद्यार्थियों को बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने मेरा बचपन, मेरा अधिकार, कानून जानो, बचपन बचाओ, सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित बचपन बोलें, बताएं, सुरक्षा पाएं, बाल विवाह नहीं तथा बाल शोषण नहीं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही जागरूक बचपन, सशक्त भारत के संदेश के माध्यम से बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

नाचरौन में पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीण परेशान

- ग्रामीणों ने की पाइपलाइन को ठीक करवाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव नाचरौन में पीने के पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों के घरो में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा मामले की शिकायत जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों, गांव की पंचायत से भी की। लेकिन समस्या का आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया। जिसका खामियाजा प्रभावित ग्रामीण भुगत रहे है।

नाचरौन निवासी रामचरण शर्मा, सोमपाल, धर्मपाल, जय सिंह, डॉ. रमेश, रिंकू पंडित, एडवोकेट नरेंद्र राणा आदि ने बताया कि एक सप्ताह पहले गांव की कश्यप राजपूत वाली गली में डॉ. रमेश के क्लीनिक के पास पीने के पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गी थी। जिससे दर्जनों ग्रामीणों के घरो में पीने का गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। गंदा पानी पीने से गांव के लोग बीमार हो रहे हैं। प्रभावित ग्रामीणों की ओर से मामले की शिकायत जलापूर्ति विभाग के एसडीओ से की गई। उन्होंने पाइपलाइन ठीक करवाने का कार्य पंचायत का बताया था। जिसके बाद उन्होंने पंचायत सचिव से मामले की शिकायत की। उन्होंने भी पाइपलाइन ठीक करवाने से पल्ला झाड़ लिया। अब न तो जलापूर्ति विभाग और न ही पंचायत टूटी पाइपलाइन को ठीक करवा रही है। जिससे ग्रामीण बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों ने पाइप लाइन को तुरंत ठीक करवाए जाने की मांग की।

जलापूर्ति विभाग रादौर के एसडीओ रवि नायक ने बताया कि सरकार की नई नीति के अनुसार अब गांवों में मुरम्मत का कार्य पंचायत द्वारा किया जाएगा। जिसके लिए विभाग पंचायत को फंड उपलब्ध करवाएगा।



यमुनानगर। कगांव नाचरौन की गली में टूटी पाइपलाइन से बहता पानी।



खराब पड़ी एंबुलेंस, मरीज हो रहे परेशान

रादौर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में दो एंबुलेंस लंबे समय से खराब पड़ी हुई हैं। एंबुलेंस खराब होने के कारण मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें प्राइवेट अस्पतालों से महंगे दामों पर एंबुलेंस मंगवाकर उनकी सेवाएं लेनी पड़ रही हैं। स्थानीय निवासियों सुरेंद्र, जोगिंद्र, सुशील, दिनेश, राजीव, सतपाल, राजेश, कुलदीप व योगेश आदि ने बताया कि शहर के सरकारी अस्पताल में लंबे समय से दो एंबुलेंस खराब अवस्था में खड़ी हुई हैं। बार-बार शिकायत करने पर भी विभाग की ओर से उन्हें ठीक नहीं करवाया जा रहा है। जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल में इस समय मरीजों की सुविधा के लिए केवल एक एंबुलेंस उपलब्ध है। जबकि अस्पताल में कम से कम तीन एंबुलेंस की आवश्यकता है। उनकी मांग है कि विभाग की ओर से खराब पड़ी एंबुलेंस को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए। जिससे एंबुलेंसों का मरीजों को लाभ मिल सके। इस बारे में डॉ.सुशीला नुपुर ने बताया कि सरकारी अस्पताल रादौर में खराब पड़ी दोनों एंबुलेंस के स्थान पर नई दो एंबुलेंस उपलब्ध करवाने के लिए विभाग के पास डिमांड भेजी हुई है। विभाग से एंबुलेंस मिलते ही अस्पताल में भिजवा दी जाएंगी।



देश को विकसित बनाने में युवाओं की भूमिका अहम

यमुनानगर। माय भारत यमुनानगर के तत्वावधान में अखिल भारतीय समाज सेवा केंद्र के सहयोग से शहर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई)में शुक्रवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के प्रदेश सचिव एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता माय भारत यमुनानगर की उप निदेशक श्रीमती ओमकार स्वामी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माय भारत पोर्टल पर युवाओं के पंजीकरण करने के साथ किया गया। मुख्यातिथि एवं भाजपा के प्रदेश सचिव मदन चौहान ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाए जाने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकासशील से विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के प्रति जागरूक रहने तथा उनमें बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। भाजपा के प्रदेश सचिव एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का प्रमुख आधार है।

शिविर में साधकों को सिखाया योग

यमुनानगर। जगाधरी में योग सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में योगाचार्य सतीश ने साधकों को योग सिखाया। योगाचार्य सतीश ने शिविर में योग साधकों को चक्रासन, शीर्ष आसन, गोमुख आसन, उष्ट्रासन व प्राणायाम आदि के बारे में जानकारी दी। मौके पर आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. कर्मवीर ने साधकों को विभिन्न जड़ी बूटियों के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एलोविरा एवं आंवले का जूस थोड़े गर्म पानी में मिलाकर लेने से मोटापा कम होता है। चुटकी भर दाल चीनी गर्म पानी अथवा चाय में डालकर लेने से कोलेस्ट्रोल में लाभ मिलता है। एलोविरा का जूस सुबह शाम लेने से नई उर्जा का संचार होता है। गिलोय के जूस के दो तीन चम्मच लेने से यूरिक एसिड में लाभ मिलता है। शतावर का पाउडर लेने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। पत्थर चट्ट के दो तीन पत्ते सुबह शाम चबा कर लेने से पथरी में लाभ मिलता है। इस मौके पर अनूप, विजय पाल, सुरेश, मदन, राहुल, प्रदीप, सुखपाल व रमेश आदि ने भाग लिया।

त्योहारी सीजन में खाद्य आपूर्ति विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

मिठाई की दुकानों का निरीक्षण, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांची

टीम ने छछरौली में मिठाई की पांच दुकानों से लिए सैंपल, दुकानदारों को मिलावट न करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। छछरौली में मिठाइयों की दुकानों के सैंपल लेने के दौरान कार्रवाई करते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

त्योहारों के सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने तथा आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार छछरौली में खाद्य आपूर्ति विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। मौके पर पांच मिठाई की दुकानों से मिठाइयों के सैंपल भी लिए। इस दौरान टीम में छछरौली के बीडीपीओ कार्तिक चौहान, फुड सप्लाई अधिकारी गुलाब सिंह व उनकी टीम शामिल रही।

छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने कहा कि दुकानदार ग्राहकों को केवल गुणवत्तापूर्ण एवं शुद्ध मिठाइयां ही बेचें। मिठाइयों को तैयार करने और भंडारण के दौरान स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें तथा मुनाफाखोरी या लालच में आकर मिलावटी या खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री से बचें। दूसरी ओर, एसडीएम ने लोगों से अपील की कि वे मिलावटी सामान खरीदने से बचें। त्योहारी सीजन में मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में दुकानदार अधिक मुनाफा कमाने के लिए मिलावट शुरू कर देते हैं। ऐसा करना लोगों की सेहत से खिलवाड़ होने के साथ ही कानूनन अपराध है।

लगातार जारी रहेगा अभियान

एसडीएम ने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ रोकना प्रशासन की जिम्मेदारी है। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने बताया कि उपमंडल छछरौली में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की जांच और निरीक्षण की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। मौके पर पंचायत अधिकारी विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

दिवाली मिलन समारोह आज

लाडवा। रोटरी क्लब लाडवा की ओर से 31 अक्तूबर को सायं सात बजे लाडवा के एक निजी होटल में



दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी क्लब के प्रधान राजेश मिगलानी ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में क्लब के सदस्यों एवं उनके परिवारों के लिए विभिन्न प्रकार की मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें परिवार के सदस्य बढ़-चढकर भाग लेंगे। इसके अलावा रैंप वॉक, दिवाली गिफ्ट और दिवाली विक्स जैसी आकर्षक गतिविधियां भी समारोह का मुख्य आकर्षण रहेंगी।

आज और कल खुलेगा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में रत्नावली महोत्सव के शुभारंभ और हरियाणा दिवस के राज्य स्तरीय समारोह के आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने 31 अक्टूबर और 1 नवंबर, 2026 को कार्य दिवस घोषित किया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। इसके बदले में 10 और 11 नवंबर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अवकाश रहेगा।

लस्सी की सौंधी खुशबू से महकेगा समारोह

कुरुक्षेत्र। हरियाणा की संस्कृति की बात हो और देसी घी के चूरमे, बाजरे की खिचड़ी, मालपुओं और ठंडी लस्सी का जिक्र न हो, ऐसा भला कैसे हो सकता है! हरियाणा दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एक से चार नवंबर तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में इस बार हरियाणवी संस्कृति का रंग केवल लोकगीतों और लोकनृत्यों में ही नहीं, बल्कि पारंपरिक व्यंजनों के जायके में भी देखने को मिलेगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में दर्शकों को हरियाणा के पारंपरिक खानपान का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रपति के स्वागत को तैयार गुरुकुल, 20 हजार आर्यजनों के पहुंचने की उम्मीद

कल बलिदान शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगी राष्ट्रपति मुर्मु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 1 नवंबर को गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी के बलिदान शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष करेंगे, जबकि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रपति के आगमन और समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को गुरुकुल प्रबंधन ने प्रेसवार्ता कर विस्तृत जानकारी दी। गुरुकुल प्रबंधन के अनुसार महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक स्वामी श्रद्धानन्द जी के बलिदान के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के मार्गदर्शन में वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में 1 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुकुल परिसर से बलिदान शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगी और स्वामी



कुरुक्षेत्र। प्रेस वार्ता में जानकारी देते गुरुकुल के प्रधान व अन्य।

श्रद्धानन्द जी को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगी। इस अवसर पर डीएवी प्रबंधकत्री सभा दिल्ली के प्रधान पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान सुरेंद्र कुमार आर्य तथा आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान धर्मवीर सिंह आर्य भी मौजूद रहेंगे। गुरुकुल प्रबंधन ने बताया कि समारोह में हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों से 20 हजार से अधिक आर्यजनों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुकुल प्रबंधन के साथ जिला प्रशासन भी राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा, यातायात, अतिथि सत्कार और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा है। समारोह को भव्य रूप देने के लिए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए हैं। प्रबंधन ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी ने शिक्षा, समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके बलिदान की शताब्दी पर आयोजित यह समारोह उनके विचारों, सिद्धांतों और आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। राष्ट्रपति का गुरुकुल आगमन संस्थान के साथ-साथ आर्य समाज और गुरुकुलीय शिक्षा परंपरा के लिए गौरव का विषय है।



कुरुक्षेत्र। गुरुकुल में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर लगाई गई स्टेज।

शिक्षा, संस्कार व प्राकृतिक खेती में बनाई पहचान

गुरुकुल कुरुक्षेत्र वर्तमान में शिक्षा और संस्कारों के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के मार्गदर्शन में संस्थान ने वैदिक संस्कार, अनुशासन और प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। गुरुकुल का प्राकृतिक कृषि फार्म किसानों के लिए प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है। पगुरुकुल को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों, राज्यपालों और विशिष्ट हस्तियों की मेजबानी का अवसर मिल चुका है।

मेडिकल और तकनीकी संस्थानों में 130 से ज्यादा विद्यार्थियों को मिली सफलता

गुरुकुल प्रबंधन ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में संस्थान के 90 से अधिक विद्यार्थी एनडीए के माध्यम से सेना में उच्च पदों तक पहुंचे हैं। इसके अलावा मेडिकल सहित देश के प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थानों में 130 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया है। संस्थान का कहना है कि शिक्षा के साथ अनुशासन, राष्ट्रसेवा और संस्कारों को प्राथमिकता देकर युवाओं को देश के लिए तैयार किया जा रहा है।

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

कल शहर के कई मार्गों पर वाहनों की आवाजाही रहेगी प्रतिबंधित

कुरुक्षेत्र। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 1 नवंबर को कुरुक्षेत्र आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को लेकर भी तैयारियां तेज कर दी हैं। वीवीआईपी दौरे के मद्देनजर जिला पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए शहर में वाहनों की आवाजाही के लिए विशेष डायवर्जन प्लान तैयार किया है। इसके तहत 1 नवंबर को शहर के कुछ क्षेत्रों में वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों पर नाके लगाए जाएंगे, जहां यातायात पुलिस व्यवस्था संभालेगी।

डीएसपी यातायात सुरेश कुमार ने बताया कि आमजन को परेशानी से बचाने और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए यह डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। पिहोवा, कैथल, पंजाब और यमुनानगर की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा।

इन मार्गों से गुजरेंगे भारी वाहन

- पिहोवा और पटियाला की तरफ से आने वाले वाहनः सहारनपुर, हरिद्वार, उत्तराखंड और यमुनानगर जाने वाले भारी वाहन पिहोवा बाईपास एनएच-152 से इस्माइलाबाद बाईपास, गांव ठोल, कुरड़ी, नलवी और शाहाबाद के रास्ते अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।
- कैथल की तरफ से आने वाले वाहनः सहारनपुर, हरिद्वार, उत्तर प्रदेश, इंद्री, लाडवा और यमुनानगर की तरफ जाने वाले वाहन ढांड से गांव कौल, निगाढू, नीलोखेड़ी और इंद्री के रास्ते अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।
- पंजाब और पटियाला की तरफ से आने वाले वाहनः करनाल, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली और उत्तर प्रदेश जाने वाले भारी वाहन पिहोवा से ढांड और गांव कौल के रास्ते निकल सकेंगे।
- यमुनानगर से पिहोवा और पंजाब जाने वाले वाहनः ये वाहन लाडवा, बाबैन, शाहाबाद, नलवी, ठोल और इस्माइलाबाद के रास्ते अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।
- यमुनानगर से कैथल की तरफ जाने वाले वाहनः लाडवा से इंद्री, भादसों और नीलोखेड़ी होते हुए ढांड व कैथल के रास्ते अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

केयू और गुरुकुल की तरफ जाने से बचें

पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने शहरवासियों और वाहन चालकों से अपील की है कि राष्ट्रपति के आगमन के दौरान बिना किसी आपात स्थिति के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, गुरुकुल कुरुक्षेत्र और झांसा रोड की तरफ वाहन लेकर न जाएं। इसके बजाय वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें। उन्होंने लोगों से सड़कों पर वाहन खड़े न करने और प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने की अपील की है।

त्योहारों के चलते मुख्य बाजारों में चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

त्योहारों के चलते धर्मनगरी पिहोवा के मुख्य बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ बढ़ रही है। मेंन बाजार व गुरुद्वारा रोड पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में चार पहिया वाहनों के बाजारों में प्रवेश करने और सड़क किनारे खड़ा होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। रही-सही कसर बाजारों में जगह-जगह खड़े ई-रिक्शा और रेहड़ी वाले पूरी कर देते हैं, जिससे लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ वाहन चालक खरीदारी के लिए अपने चार पहिया वाहन लेकर बाजारों में पहुंचते हैं और उन्हें बाजार में ही खड़ा कर घंटों तक खरीदारी में व्यस्त रहते हैं। त्योहारों के दौरान बाजारों में पहले ही भीड़ अधिक रहती है। ऐसे में चार पहिया वाहनों, ई-रिक्शा और रेहड़ियों के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ने से लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। जाम की स्थिति के कारण दुकानों के



पिहोवा। शहर के व्यस्त बाजारों से गुजरते वाहन व सिटी थाना प्रभारी सुनील वत्स।

सामने ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होती है। बाजारों में जाम की स्थिति बनने से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष परेशानी उठानी पड़ती है। खरीदारी के लिए बाजार आने वाले लोगों को भीड़ के बीच से निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। सिटी थाना अध्यक्ष सुनील वत्स ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर शहर के अति व्यस्त बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है।

दिल्ली में होने वाली महारैली अब तक की सबसे बड़ी साबित होगी : रीना

कुरुक्षेत्र। कांग्रेस एससी डिपार्टमेंट की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एवं राजीव गांधी पंचायती राज संस्थान, राजस्थान की प्रभारी रीना वाल्मीकि



ने कहा है कि दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली अब तक की सबसे बड़ी रैली साबित होगी। उन्होंने कहा कि 'वोट बचाओ-देश बचाओ' के तहत यह महारैली आयोजित की जा रही है। जिस तरीके से भाजपा ने केंद्र में वोट चोरी करके सरकार बनाई और देश के कई राज्यों में भी वोट चोरी करके सरकारें बनाई गईं, उसको लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश की जनता को जागरूक करने का काम किया।

सांसद खेल महोत्सव का आगाज आज

- क्रिकेट मैच में होगा एमपी 11 और मीडिया 11 की टीमों के बीच मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए शुरू होने जा रहे सांसद खेल महोत्सव का आज विधिवत शुभारंभ होगा। द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 8:00 बजे सांसद नवीन जिन्दल स्वयं सांसद खेल महोत्सव 2.0 का आगाज करेंगे। इस दौरान एमपी 11 और मीडिया 11 के बीच रोमांचक क्रिकेट मैच होगा। जिसमें सांसद नवीन जिन्दल की गरिमामई उपस्थिति में पैरालंपिक गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। सांसद खेल

समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील



सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की सोच है कि प्रत्येक व्यक्ति खेलों से जुड़े इसी उद्देश्य से इस बार सीनियर सिटीजन भी खेल प्रतियोगिताओं में शामिल हो रहे हैं। 40, 50 और 60 प्लस के सिटीजन भी इसमें अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके अलावा सरकारी विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों का भी रजिस्ट्रेशन किया गया है। उन्होंने सभी मीडिया कर्मियों और आम जनता एवं युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि 31 अक्टूबर को सुबह 8:00 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में होने वाले इस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लें।

महोत्सव में इस बार 30000 से अधिक खिलाड़ियों ने कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। सांसद खेल महोत्सव दो चरणों में होगा। 31 अक्टूबर को क्रिकेट मैच से शुरूआत के बाद पहला चरण 2 नवंबर से 21 नवंबर तक होगा। जिसमें हलका स्तरीय खेल स्पधार्एं होगी। दूसरा चरण 7 दिसंबर से 16 दिसंबर तक चलेगा। जिसमें लोकसभा स्तर पर खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, बॉक्सिंग, कुश्ती, शूटिंग, क्रिकेट एथलेटिक्स और रस्साकसी आदि सहित 11 गेम इस बार शामिल किए गए हैं।

जग ज्योति दरबार में भावुक क्षणों के बीच संपन्न हुई धर्म रक्षा-राष्ट्र रक्षा यात्रा



कुरुक्षेत्र। जग ज्योति दरबार से 27 अक्तूबर को महंत राजेंद्र पुरी की अगुवाई में शुरू हुई धर्म रक्षाझराष्ट्र रक्षा यात्रा का शुक्रवार को जग ज्योति धाम दरबार में भव्य एवं भावपूर्ण समापन हो गया। चार दिनों तक चली इस यात्रा ने केवल गांवों और शहरों की दूरी ही तय नहीं की, बल्कि हजारों श्रद्धालुओं के हृदय में धर्म, आस्था और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को और गहरा किया। जग ज्योति धाम से उठी सनातन धर्म की यह अलख पिहोवा और कैथल के विभिन्न गांवों व शहरों से होती हुई अनेक धार्मिक स्थलों तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, जयकारों और आत्मीय स्वागत के साथ महंत राजेंद्र पुरी का अभिनंदन किया। यात्रा के अंतिम दिन लाडवा में माता बाला सुंदरी मंदिर और हनुमान मंदिर, रादौर के शिव मंदिर, बाबैन के शिव मंदिर, शाहाबाद मार्कण्डेय स्थित माता बाला सुंदरी मंदिर एवं माता शाकुंभरा मंदिर तथा झांसा के शिव मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया गया। हर पड़ाव पर उमड़ी श्रद्धा, भक्तों के चेहरों पर झलकता विश्वास और वातावरण में गूंजते जयकारे इस बात के साक्षी बने कि सनातन धर्म की जड़ें आज भी जनमानस के हृदय में गहराई तक समाई हुई हैं।

'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली को लेकर लोगों में उत्साह : जलेश शर्मा

कुरुक्षेत्र। इंपूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष जलेश शर्मा ने कहा है कि एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने



कहा कि महारैली के प्रति लोगों में जो जोश देखा जा रहा है, उससे साबित होता है कि महारैली अब तक की रैलियों का सबसे बड़ा इतिहास रचेगी और यह एक विशाल महारैली साबित होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित इंडिया गठबंधन के बड़े नेता 'वोट बचाओ-देश बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' के तहत देश के लोगों को संविधान के तहत मिले वोट के अधिकार की रक्षा करने के लिए एकजुटता का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि यह रैली विरोधियों को सबक सिखाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा ही नहीं, देशभर के राज्यों से लोग इस महा-रैली में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र से भी हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता महा-रैली में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा महारैली को कामयाब करने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं और उनका एक ही मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा लोग व कांग्रेस कार्यकर्ता महा-रैली में पहुंचें।

दो दिवसीय वार्षिक अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन



लाडवा। संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा-लाडवा ने स्वर्गीय ओम प्रकाश गर्ग की स्मृति में भीम स्टेडियम में दो दिवसीय वार्षिक अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया। आईपीएस अशोक कुमार, पुलिस प्रशिक्षण केंद्र सुनारिआ-रोहतक के महानिरीक्षक, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने खिलाड़ियों की तालियों के बीच प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उनके साथ स्कूल प्रधान पवन गर्ग, सचिव रविंद्र बंसल, सह-सचिव नरेंद्र सिंघल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गिल, विकास सिंघल, तेज पाल मथाना, राजन कंसल, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, आईएनजी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कुशल पाल, एसजीओपीजी स्कूल सुजरा के प्रधानाचार्य सुरेश सैनी और अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इससे पहले, स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षकों द्वारा मुख्य अतिथि का पारंपरिक स्वागत किया गया और उन्हें सजे-धजे स्कूल बैंड द्वारा कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। मुख्य अतिथि का परिचय कराते हुए विद्यालय प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि अशोक कुमार अमीन गांव के निवासी हैं और एक साधारण परिवार से आते हैं।

गन्ना मूल्य वृद्धि पर जिला परिषद चेयरपर्सन कवलजीत कौर ने जताई खुशी

कुरुक्षेत्र। जिला परिषद की चेयरपर्सन कवलजीत कौर ने प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने के दामों में की गई बढ़ोतरी पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों को दिवाली से पहले बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने अगले दो पेराई सत्रों के लिए गन्ने के भाव में कुल 35 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की है। पिछले वर्ष 2025-26 में गन्ने का भाव 415 रुपये प्रति क्विंटल था, जिसे 2026-27 सत्र के लिए 15 रुपये बढ़ाकर 430 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि 2027-28 में इसे बढ़ाकर 450 रुपये प्रति क्विंटल किया जाएगा। कवलजीत कौर ने कहा कि इस बढ़ोतरी से किसानों की प्रति एकड़ आय में 10 हजार से 11,300 रुपये तक की वृद्धि होगी, जिससे गन्ना उत्पादक किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसान संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए डीजल, खाद और मजदूरी की बढ़ती लागत को देखते हुए यह सराहनीय फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसान हितैषी रही है और इस फैसले से गन्ने की खेती को बढ़ावा मिलेगा तथा चीनी मिलों को भी पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गन्ने का भाव देश के अन्य राज्यों से सबसे अधिक है, जो प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों का प्रमाण है।

धर्म -कर्म | शाम 5:35 से 6:53 बजे तक रहेगा पूजा का शुभ मुहूर्त : डॉ. सुरेश मिश्रा

संतान को धर्म, सत्य, सेवा, करुणा और अच्छे संस्कारों से जोड़ना का पर्व

अहोई अष्टमी पर संतान की सुख-समृद्धि के लिए माताएं रखेंगी व्रत, 1 नवंबर को होगा विशेष पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय सनातन संस्कृति में संतान की सुख-समृद्धि, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना के लिए मनाया जाने वाला अहोई अष्टमी का पर्व इस वर्ष 1 नवंबर, रविवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर माताएं दिनभर व्रत रखकर संध्या के समय अहोई माता की पूजा-अर्चना करेंगी और अपनी संतान के उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन की मंगलकामना करेंगी। हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन, पिपली के अध्यक्ष एवं श्री दुर्गा देवी मंदिर पिपली के पीठाधीश, ज्योतिषाचार्य व वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाए जाने वाले इस पर्व का धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। अहोई माता को संतान की रक्षक एवं कल्याणकारी देवी के रूप में पूजा जाता है। यह पर्व मातृत्व, त्याग, श्रद्धा और संतान के प्रति मां के निःस्वार्थ प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि अहोई माता की पारंपरिक पूजा में माता के चित्र के साथ साही (स्याहु) और उसके बच्चों की आकृतियां बनाई जाती हैं। कई स्थानों पर सिंह की आकृति और आठ कोष्ठों वाली पारंपरिक आकृति का भी विशेष प्रचलन है। ये धार्मिक प्रतीक जीवमात्र के प्रति करुणा और मातृत्व की भावना का संदेश देते हैं। डॉ. मिश्रा के अनुसार व्रत रखने वाली माताएं प्रातः स्नान के बाद संतान के कल्याण का संकल्प लेकर व्रत आरंभ करें। संध्या के समय पूजा स्थल की सफाई कर अहोई माता का चित्र स्थापित करें। पूजा में जल से भरा कलश, रोली, अक्षत, पुष्प, दीपक, फल और मिठाई अर्पित करें। पारंपरिक मान्यता के अनुसार साही के प्रतीक स्वरूप सरई की टहनियां भी अर्पित की जाती हैं। इसके बाद अहोई माता की कथा सुनकर आरती करें और संतान की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करें। संध्या में तारों के दर्शन कर अर्घ्य देने के बाद पारिवारिक परंपरा के अनुसार व्रत का पारण किया जाता है।



डॉ. सुरेश मिश्रा।

परिवारों के उज्जवल भविष्य की कामना

श्रीमार्तंड पंचांग के अनुसार 1 नवंबर को अष्टमी तिथि दोपहर 2 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी, जबकि 2 नवंबर को दोपहर 1 बजकर 10 मिनट पर समाप्त होगी। अहोई माता की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 35 मिनट से 6 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। डॉ. सुरेश मिश्रा ने कहा कि अहोई अष्टमी का संदेश केवल व्रत और पूजन तक सीमित नहीं है, बल्कि संतान को धर्म, सत्य, सेवा, करुणा और अच्छे संस्कारों से जोड़ना भी इस पर्व का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। माता-पिता का आचरण ही बच्चों के जीवन की पहली पाठशाला होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे समर्थ गुरु का मार्गदर्शन भी आवश्यक है, जो आत्मा और परमात्मा का अनुभव कराने में सक्षम हो। अंत में उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को अहोई अष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए माता अहोई से सभी परिवारों के सुख, शांति, आरोग्य और संतान के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

एचपीएससी के अध्यक्ष सतीश सैनी की नियुक्ति पर किया स्वागत



कुरुक्षेत्र। हरियाणा भूमि सुधार निगम के चेयरमैन गुरनाम सैनी ने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के नवनियुक्त अध्यक्ष सतीश सैनी की नियुक्ति का स्वागत किया है। गुरनाम सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने एक अनुभवी और ईमानदार छवि के अधिकारी को एचपीएससी की जिम्मेदारी सौंपकर सराहनीय कार्य किया है। सतीश सैनी को प्रशासनिक सेवा का लंबा अनुभव है और उनकी नियुक्ति से आयोग के कार्यों में और अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बिना खर्ची-बिना पर्ची के लाखों युवाओं को रोजगार दिया है और अब योग्यता के आधार पर भर्ती प्रक्रिया को और अधिक मजबूत करने के लिए एक सुलझे हुए अधिकारी को एचपीएससी अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्यपाल आशिम घोष का इस नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि सतीश सैनी के नेतृत्व में आयोग निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कार्य करेगा और युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिलेंगे।

खबर संक्षेप

डीसी ने वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण किया

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को कल्पना चावला महिला बहुतकनीकी संस्थान में ईवीएम व वीवीपैट के लिए स्थापित वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के गेट पर लगे ताले की सील को चेक करने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की जानकारी ली। इसके अलावा यहां पुलिस गार्द के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां पर की गई व्यवस्थाओं जैसे अग्निशमन यंत्र, सिक्योरिटी व अन्य बिंदुओं के बारे में भी पूछा।

छात्रों को किया कानून के प्रति जागरूक

अंबाला। जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सौंडा में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत एक कानूनी जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, बाल सुरक्षा सुनिश्चित करना और छात्रों व स्कूल स्टाफ को सुरक्षात्मक कानूनी ढांचे के बारे में शिक्षित करना था। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण गीताजंलि गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता कमल धीमान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे

रन फॉर यूनिटी का आज होगा आयोजन

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि 31 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर व उपमंडल स्तर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत सभी जगहों पर पहले राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई जायेगी और उसके उपरांत रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, पुलिस के साथ-साथ आमजन की भागीदारी होगी।

बेगमपुरा तंदवाली में 5 को विशाल संत समागम

बराड़ा। मानव प्रेम के प्रतीक ब्रह्मलीन श्री 108 संत बैसाखी दास उदासीन महाराज की 45वीं पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में डेरा बेगमपुरा तंदवाली में 5 नवंबर वीरवार को संत समागम एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से संत-महात्मा, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और श्रद्धालु शिरकत करेंगे। डेरा बेगमपुरा तंदवाली के गद्दीनशीन संत श्री 108 सोमदास उदासीन ने ने बताया कि संत समागम का आयोजन संत बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से श्री 108 संत निरंजन दास महाराज, गद्दीनशीन डेरा सच्चखंड बल्लां के पावन आशीर्वाद से किया जा रहा है। समागम की अध्यक्षता 108 संत धर्म दास महाराज, श्री गुरु रविदास दरबार लाडवा करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में श्री 108 संत निर्मल दास महाराज, गद्दीनशीन डेरा बाबा लाल दास, कपालमोचन शिरकत करेंगे। गुरु रविदास महाराज की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने की अपील की है।

चेन झपटकर बाइक सवार फरार

- करवाचौथ की कथा सुनकर अपने घर लौट रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शहर के सेक्टर-9 में करवाचौथ के दिन बाइक सवार दो युवकों ने घर के बाहर खड़ी महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। महिला उस समय हाथ में पूजा की थाली लिए खड़ी थी। चेन झपटते ही उसके हाथ से थाली नीचे गिर गई। वारदात के बाद दोनों युवक बाइक से फरार हो गए। घटना के 14 सैकेंड के वीडियो के अलावा दो अन्य सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें आरोपी वारदात से पहले इलाके में घूमते और घटना के बाद आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, चेन और लॉकेट की कीमत करीब 80 हजार रुपए है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में तीन महिलाएं घर के बाहर खड़ी दिखाई दे रही हैं। इनमें से दो महिलाओं के हाथ में करवा चौथ की पूजा की थाली है। इसी दौरान स्प्लेंडर बाइक पर दो युवक पहुंचते हैं। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहना हुआ है, जबकि पीछे बैठे युवक ने कपड़े से मुंह ढक रखा है। महिलाओं के पास बाइक पहुंचते ही पीछे बैठा युवक एक महिला के गले से चेन झपट लेता है। अचानक हुई वारदात से महिला के हाथ से पूजा की थाली नीचे गिर जाती है। इसके बाद दोनों युवक बाइक से फरार हो जाते है।

युवक ने हेलमेट पहन रखा था

सेक्टर-9 के प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करवाचौथ पर उनकी पत्नी पड़ोस में कथा सुनने गई थी। कथा सुनने के बाद वह अन्य महिलाओं के साथ घर के बाहर पहुंची। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक वहां आए। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहना था, जबकि पीछे बैठे युवक ने सफेद टी-शर्ट पहन रखी थी और कपड़े से मुंह ढक रखा था। पीछे बैठे युवक ने उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन और लॉकेट झपट लिया। इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए।

त्योहारी सीजन में पुलिस ने चलाया सर्च आपरेशन

- जांच के दौरान बाहर से आए संदिग्धों के काटे अजनबी पर्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

वीआईपी कार्यक्रमों व त्योहारी सीजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से विशेष सर्च आपरेशन चलाया गया। थाना बलदेव नगर के धूलकोट एवं आसपास के इलाकों में आपरेशन के दौरान गहन जांच की गई। अभियान का संचालन प्रबंधक थाना बलदेव नगर, उप-निरीक्षक कुलदीप सिंह की देखरेख में एटीएस टीम, स्पेशल कमांडो दस्ता एवं जिला पुलिस बल की संयुक्त टीमों द्वारा किया गया। अभियान के दौरान बाहरी क्षेत्रों से आकर रह रहे लोगों की गहनता से जांच की गई। कई संदिग्ध व नए व्यक्तियों के 'पर्चे अजनबी' काटे गए हैं। इन सभी व्यक्तियों की उनके मूल निवास स्थान व संबंधित थानों से विस्तृत पुलिस वेरिफिकेशन करवाई जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत किराएदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य है।



अंबाला। सर्च अभियान के दौरान पुलिस के जवान। फोटो: हरिभूमि

सत्यापन करवाएं

यदि कोई भी मकान मालिक बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किराएदार रखते हुए पाया गया तो मकान मालिक और किराएदार दोनों के विरुद्ध नियम अनुसार सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की कि सुरक्षा की दृष्टि से अपने यहां रहने वाले किराएदारों, घरेलू नौकरों एवं कमचारियों का पुलिस सत्यापन अवश्य करवाएं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम तथा हेल्पलाइन नंबर 9729990112 पर पुलिस को दें।

विधायक निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां

लोकतंत्र की रक्षा के लिए रामलीला मैदान में गूंजेगी जनता की आवाज

- लोकतंत्र में जनता का वोट उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

1 नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की विशाल रैली को सफल बनाने के लिए अंबाला में पार्टी संगठन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी निर्मल सिंह मोहड़ा ने अपने निवास स्थान पर समस्त कांग्रेस इकाइयों के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक लेकर रैली की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में रैली के ऑब्जर्वर एवं मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक रवि जोशी, पूर्व विधायक एवं अंबाला के प्रभारी निशान सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष , शहरी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद धीमान, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष राकेश मेहला, रोहित शर्मा विशु, हरजीत बब्बल और निगम सदस्य पुनीत कवि,पूर्व जिला परिषद चैयरमेन ब्राह्मपाल राणा, मिथुन वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में रैली में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को क्षेत्रवार और संगठनात्मक स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपकर दिल्ली कूच की रणनीति निर्धारित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं का उत्साह और भागीदारी इस बात का संकेत रही कि अंबाला कांग्रेस इस आयोजन को व्यापक जनसमर्थन के साथ सफल बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। चौधरी निर्मल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता, संविधान की गरिमा और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा का है। वोट चोरी के आरोपों, मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठ रहे सवालों तथा चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता से संबंधित चिंताओं पर देश की जनता जवाब चाहती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत है और यदि उसी अधिकार की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हों तो यह किसी एक राजनीतिक दल का विषय नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की जिम्मेदारी केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों पर सत्ता को जवाबदेह बनाना और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता के लिए आवाज बुलंद करना भी है।



अंबाला। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक निर्मल सिंह। फोटो: हरिभूमि

भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता, संगठनात्मक अनुशासन और जनसमर्थन ही इस रैली की सबसे बड़ी ताकत होंगे। बैठक में उपस्थित सभी प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने तथा अपने-अपने क्षेत्रों से अधिकतम संख्या में समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

आम आदमी परेशान

कांग्रेस इन सवालों को जनता के बीच मजबूती से उठाने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, युवाओं के भविष्य पर मंडराता अनिश्चितता का संकट और आम आदमी पर बढ़ता आर्थिक दबाव ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे जनता प्रतिदिन जूझ रही है। सरकार को प्रचार और राजनीतिक जुमलों से बाहर निकलकर जनता के वास्तविक सवालों का जवाब देना चाहिए।



नारायणगढ़। सीएम का पुतला लेकर विरोध प्रदर्शन करते किसान। फोटो: हरिभूमि

गन्ने के रेट में 15 रुपये की बढ़ोतरी करने पर बिफरे किसान

- सीएम और कृषि मंत्री का पुतला फूंककर जताया रोष
- किसानों का आरोप रेट बढ़ाकर सरकार ने किसानों के साथ किया मजाक, चीनी के रेट छू रहे आसमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

प्रदेश सरकार की ओर से गन्ने के रेट में 15 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करने के फैसले से किसान बेहद नाराज हैं। इसी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढ़नी) अंबाला और गन्ना संघर्ष समिति ने संयुक्त रूप से नारायणगढ़ में प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कृषि मंत्री का पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शन में किसान यूनियन (चढ़नी) के जिलाप्रधान मलकीत सिंह, महासचिव राजीव शर्मा, युवा जिलाप्रधान गुलाब पूनिया, गन्ना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद राणा, बॉबी राणा सहित अन्य किसान मौजूद रहे। मलकीत सिंह ने कहा कि किसान एक साल मेहनत करके गन्ने की फसल तैयार करता है, लेकिन भुगतान और रेट को लेकर भी परेशानियां बनी रहती हैं। पिछले करीब 10 साल से किसान विरोध करते आ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यदि गन्ने की खेती में लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है तो किसान दूसरी फसलों के विकल्प पर विचार करें।

लागत बढ़ रही

किसान यूनियन (चढ़नी) के जिलाप्रधान मलकीत सिंह ने कहा कि सरकार ने गन्ने के रेट में महज 15 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है, जो प्रति किलो के हिसाब से केवल 15 पैसे बैठती है। दूसरी ओर चीनी के दाम में काफी बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में सरकार की यह बढ़ोतरी किसानों के साथ मजाक है। कहा कि सरकार को यह बढ़ोतरी वापस ले लेनी चाहिए, क्योंकि इससे किसानों को कोई खास फायदा नहीं होने वाला। कहा कि खेती की लागत बढ़ रही है। डीजल 100 रुपये लीटर तक पहुंच गया है, वहीं मजदूरी और लेबर के खर्चे भी लगातार बढ़ रहे हैं। लेबर के रेट में 10 से 15 रुपए तक की बढ़ोतरी हो जाती है, लेकिन गन्ने के भाव में सिर्फ 15 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाए जा रहे हैं। ऐसे में किसान अपनी लागत कैसे निकालेगा और उसे बचत क्या होगी।

वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश चोरी के चार वाहन किए जब्त

- पूछताछ में 10-12 अन्य ई-रिक्शा चोरी करने का खुलासा, एवीटी स्टाफ ने की कार्रवाई
- साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते आरोपी को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से चोरी के वाहन बरामद किए गए हैं। साथ ही पूछताछ में उसने कई अन्य वारदातों को अंजाम देने का भी खुलासा किया है। शिकायतकर्ता मनीष कुमार ने थाना अंबाला छावनी में अपनी एक्टिवा चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। जांच टीम ने तकनीकी संसाधनों और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा। आरोपी की पहचान गौतम, के रूप में हुई है।

आरोपी ने चौकाने वाले कई खुलासे किए

1 एक्टिवा, 2 मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के तथा 1 ई-रिक्शा बरामद की है। जांच के दौरान पूछताछ में आरोपी गौतम ने चौकाने वाला खुलासा किया है। उसने स्वीकार किया कि उसने केवल यही वाहन नहीं बल्कि इसके अलावा अंबाला शहर, बलदेव नगर और अंबाला कैंट के विभिन्न इलाकों से 10 से 12 अन्य ई-रिक्शा भी चोरी किए हैं।

1 किलो 53.6 ग्राम अफीम और 13 ग्राम हेरोइन सहित तीन गिरफ्तार

- सीआईए-1 और सीआईए-मुलाना की टीमों ने थाना पड़ाव क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में की कार्रवाई
- नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार

अंबाला। नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। सीआईए-1 और सीआईए-मुलाना की टीमों ने थाना पड़ाव क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 53.6 ग्राम अफीम और 13 ग्राम हेरोइन बरामद की है। दोनों मामलों में थाना पड़ाव में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक परमवीर के नेतृत्व में एएसआई दीपक, एएसआई मनदीप सिंह व पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर काली पलटन पुल के पास नाकाबंदी एवं घेराबंदी कर एक आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 किलो 53.6 ग्राम अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल कुमार निवासी गांव भरतपुर, नजदीक तालाब, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान नशीले पदार्थ की आपूर्ति के स्रोत, इसकी सप्लाई से जुड़े अन्य व्यक्तियों तथा तस्करी नेटवर्क के संबंध में गहन पूछताछ की जाएगी।

मानवता की सेवा ही सर्वोच्च

- मानवता की सेवा, करुणा और प्रेम का संदेश लेकर नेपाल रवाना जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मानव सेवा और जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते अंबाला फिलाडेल्फिया अस्पताल की एक समर्पित टीम नेपाल रवाना हो गई। यह टीम नेपाल के बागमती प्रदेश एवं गोरखा क्षेत्र के लोगों के बीच सेवा, प्रेम, करुणा और देखभाल के लिए जा रही है। इस मानवीय सेवा यात्रा में अस्पताल की टीम का नेतृत्व डॉ. एस. सादिक (निदेशक), अमित कपूर (प्रशासक), डॉ. रजत लाजरस एवं शम्मी कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य केवल चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना ही नहीं बल्कि जरूरतमंद लोगों के बीच पहुँचकर उनके दर्द, कठिनाइयों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझना तथा उन्हें यह एहसास कराना है कि वे अकेले नहीं हैं। टीम के साथ जुड़कर मानवीय सहयोग व भावनात्मक संबल प्रदान करने का प्रयास करेगी।



अंबाला। नेपाल रवाना होती जांच टीम।

पीड़ित के दर्द को समझना चिकित्सा

1883 में स्थापित फिलाडेल्फिया अस्पताल का मानव सेवा और करुणा का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। अस्पताल का विश्वास है कि चिकित्सा केवल बीमारी का उपचार करना नहीं है, बल्कि पीड़ित व्यक्ति के दर्द को समझना, उसके जीवन में आशा जगाना और कठिन समय में उसके साथ खड़े रहना भी है। यह यात्रा अस्पताल के उस मूलमंत्र को साकार करती है, जिसमें सेवा, प्रेम, विश्वास और करुणा के माध्यम से मानवता की सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

उपभोक्ताओं की शिकायतों का होगा निवारण

अंबाला। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अबाला शहर के कार्यकारी अभियता यूएचबीवीएन कार्यालय में 2 नवंबर 2026 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। डिविजनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन अबाला शहर की अध्यक्षकता कार्यकारी अभियता करेंगे। डिविजनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में बिजली संबंधित वे समस्याएं सुनी जाएंगी। जिनका उप मंडल अधिकारी कार्यालय से भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे उपभोक्ता जिनका वित्तीय विवाद 50,000/- रूपए तक हो केवल वही उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

गुमराह करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। पुलिस ने जाली एयरफोर्स पहचान पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों को मेडिकल पास करवाने का झांसा देकर गुमराह करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विष्णु कुमार निवासी बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक कार और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी को रिमांड पर लिया गया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक निसार खान ने बताया कि आरोपी विष्णु कुमार पर जाली एयरफोर्स पहचान पत्र दिखाकर मेडिकल में अनफिट हुए अभ्यर्थियों को मेडिकल पास करवाने के नाम पर गुमराह करने का आरोप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना अंबाला छावनी पुलिस ने खुफिया सूचना तंत्र के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी विष्णु कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

कार्यक्रम | सांस्कृतिक स्पर्धाओं में भी प्रतिभा का लोहा मनवाया

जोनल यूथ फेस्टिवल में छाए डीएवी कॉलेज के छात्र, मिमिक्री स्पर्धा में मिला रिकमेंडेड स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर), के विद्यार्थियों ने जीएमएन कॉलेज में आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल-2026 में शानदार प्रदर्शन करते कालेज का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और उत्कृष्ट मंचीय प्रदर्शन से निर्णायकों एवं दर्शकों को प्रभावित किया। मिमिक्री स्पर्धा में डीएवी महाविद्यालय ने रिकमेंडेड स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त क्ले मॉडलिंग में कमेंडेड, वन एक्ट प्ले, संस्कृत ड्रामा, ग्रुप डांस (जनरल-लावणी), ग्रुप सांग (जनरल), फोक सांग (जनरल), क्लासिकल डांस सोलो और क्लासिकल वोकल सोलो जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने सैकेंड कमेंडेड स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) आरएस परमार, डीन कल्चरल अफेयर्स शिवानी डावर तथा को-डीन डॉ. गरिमा सुमरान ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।



अंबाला। यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र शिक्षकों के साथ।

बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया

प्राचार्य प्रो. परमार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन, और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को नई दिशा प्रदान करती हैं। डीन शिवानी डावर और को-डीन डॉ. गरिमा सुमरान ने भी विद्यार्थियों एवं कार्यक्रम की तैयारी में योगदान देने वाले सभी प्राध्यापकों और टीम प्रभारियों प्रोफेसर शांत कौशिक, प्रोफेसर राजीव कुमार, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. सुखदेव सिंह, डॉ. दर्शन लाल और हिमांशु शर्मा की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी उत्साह, लगन और टीम भावना के साथ आगे बढ़ने तथा आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।